C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:16 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:37 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 134 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 17 नवंबर 2026

द वन के सीक्वल की हुई घोषणा...पेज-3 पर

कैमरे की नजर में











उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में हुए तीन सड़क हादसों में 15 की गई जान

मंगल का सवेरा कर गया कई परिवारों में अंधेरा

टिहरी गढ़वाल के गूलर में पुल से गिरी बस, दस लोग मरे, 25 को निकाला

देहरादून/टिहरी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में आज सुबह भीषण बस हादसा हो गया। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे के पास करीब 30-35 यात्रियों को लेकर जा रही बस हादसे का शिकार हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में अब तक दस लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है। बस हरिद्वार से चमोली जिले के कर्णप्रयाग जा रही थी।

हरिद्वार से कर्णप्रयाग जा रही यात्रियों से भरी बस मंगलवार सुबह गूलर के पास हादसे का शिकार हो गई। बस पुल से करीब 100 मीटर नीचे गदेरे में जा गिरी। हादसे में अब तक दस लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था।

जबकि एक घायल की ऋषिकेश एम्स पहुंचने में मौत हो गई। गूलर बाजार के समीप हुए इस हादसे के समय बस में करीब 30 से 35 लोग सवार थे। बताया गया कि विश्वनाथ सेवा की यह बस सुबह 3:30 बजे हरिद्वार से रवाना हुई थी। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर बस दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट ब्यासी और डालवाला की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।



19 घायलों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया

एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि हादसे में चार लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो अन्य लोग खाई में गिरे हुए हैं। उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 25 घायलों को बस से बाहर निकाला जा चुका है। इनमें से 19 घायलों को तत्काल उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। अन्य घायलों को ऋषिकेश के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रुद्रप्रयाग में बोलेरो गहरी खाई में गिरी, चार की मौत, छह घायल

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग में देर रात हुए एक वाहन हादसे ने चार लोगों की जान ले ली। दुर्घटना के बाद एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस की टीमों ने रातभर रेस्क्यू अभियान चलाकर खाई में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

रुद्रप्रयाग में सोमवार देर रात बांसवाड़ा-मोहनखाल मोटर मार्ग पर एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं। वाहन में करीब 10 लोग सवार थे। हादसा उस समय हुआ, जब वाहन पोखरी क्षेत्र से रांसी की ओर जा रहा था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली अगस्त्यमुनि पुलिस, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें 108 एंबुलेंस के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। सीओ रुद्रप्रयाग सहित पुलिस और बचाव दलों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। रातभर चले रेस्क्यू अभियान में लोगों को खाई से बाहर निकाला गया। हादसे में घायल छह लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से दो लोगों को सामान्य चोटें आई हैं, चार को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

ऋषिकेश: खाई में गिरा वाहन, एक की मौत, चार घायल

ऋषिकेश। ऋषिकेश में ही आज सुबह दूसरा वाहन हादसा हो गया। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि चार लोगों के घायल होने की सूचना है। फकोट विकासखंड के बांस काटल गांव में एक मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चारों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के कारणों और दुर्घटना के समय वाहन में सवार लोगों से पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

News कॉर्नर

रुद्रपुर: फ्लाईओवर पर बस और पिकअप की जोरदार भिड़ंत, दोनों चालक घायल

रुद्रपुर। किच्छा-रुद्रपुर राष्ट्रीय राजमार्ग फ्लाईओवर पर देर रात बस और पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके शीशे टूटकर सड़क पर बिखर गए। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों को मामूली चोटें आईं। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। जानकारी के अनुसार बस रुद्रपुर से काशीपुर की ओर जा रही थी। देर रात फ्लाईओवर पर पहुंचने के दौरान बस की पिकअप से टक्कर हो गई। हादसे के समय बस में कोई यात्री सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पिकअप चालक को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी।

मातृ शक्ति सम्मेलन में पीपलकोटी पहुंचे सीएम

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज मंगलवार को चमोली जिले के दौरे पर हैं। वह पीपलकोटी में आयोजित मातृ शक्ति सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां की गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह करीब 11:30 बजे हेलिकॉप्टर से सेमलडाला हेलीपैड पहुंचे। यहां से वह पीपलकोटी के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री पीपलकोटी पहुंच गए हैं और मातृ शक्ति सम्मेलन में शामिल होंगे।

यूपी-पंजाब समेत पांच राज्यों में चुनावी तैयारी, कांग्रेस ने बनाई स्क्रीनिंग कमेटियां

देहरादून

हमारे संवाददाता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के लिए स्क्रीनिंग कमेटियों का गठन किया है।

यूपी में अजय माकन, पंजाब में डॉ. सिरिवेल्ला प्रसाद और उत्तराखंड में दीपा दासमुंशी को अध्यक्ष बनाया गया है। इन समितियों की जिम्मेदारी चुनावी तैयारियों और उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के लिए स्क्रीनिंग कमेटियों का गठन किया है।



यूपी में अजय माकन, पंजाब में डॉ. सिरिवेल्ला प्रसाद और उत्तराखंड में दीपा दासमुंशी को अध्यक्ष बनाया गया है। इन समितियों की जिम्मेदारी चुनावी तैयारियों और उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की होगी।

बदरीनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद

चमोली

हमारे संवाददाता

बदरीनाथ धाम के कपाट सोमवार रात 9 बजकर 37 मिनट पर कर्क लग्न में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इसके साथ ही इसके साथ ही इस वर्ष चारधाम यात्रा संपन्न हो गई है।

कपाट बंद होने के अंतिम दिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए। इस अवसर पर पूरा धाम सेना के बैंड की मधुर धुनों और जय बदरीविशाल के उद्घोष से गूंज उठा। कपाट बंद होने के अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। सोमवार सुबह से ही कपाट बंद होने की धार्मिक प्रक्रिया और तैयारियां शुरू हो गई थीं।



ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के कपाट खोले गए। इसके बाद भगवान बदरीनाथ का अभिषेक, विशेष पूजा और श्रृंगार किया गया। दिनभर मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुला रहा। बीते रविवार को हुई बारिश और बर्फबारी के चलते धाम में कड़ाके की ठंड रही, लेकिन इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा। शाम आठ बजे से कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हुई। बदरीनाथ के रावल (मुख्य पुजारी) अमरनाथ नंबूदरी ने परंपरा के अनुसार स्त्री वेश धारण कर लक्ष्मी मंदिर से माता लक्ष्मी की मूर्ति को लाकर भगवान बदरीनाथ के गर्भगृह में विराजमान किया। इसके बाद बदरीश पंचायत में विराजमान कुबेर और उद्धव की उत्सव प्रतिमाओं को मंदिर परिसर में लाया गया।

हमारे पास सामर्थ्य भी और संकल्प भी:पीएम मोदी

आसियान समिट

नई दिल्ली

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया कई संकटों से गुजरी है और ऐसे में विश्व को शांति और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा हमारे पास सामर्थ्य भी है और संकल्प भी जिससे हम आपसी भागीदारी को नई दिशा दे सकते हैं।

अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के इस समूह (क्वाड) की ये बैठक डोनाल्ड ट्रंप के लिए पहली होगी। ये बैठक इस समूह के पिछले सम्मेलन के दो साल बाद हो रही है, जिसे उनके पूर्ववर्ती जो बाइडेन अपनी विदेश नीति की एक बड़ी उपलब्धि मानते थे।



फिलीपींस दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मनीला स्थित खालसा दीवान गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और यहां उन्होंने ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया और स्थानीय सिख समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

21 व 22 को हरिद्वार में राजनाथ सिंह देंगे भाजपा की चुनावी तैयारियों को धार

हरिद्वार

हमारे संवाददाता

पार्टी मुख्यालय में हरिद्वार में होने वाली विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति में प्रथम दिन होने वाली संयुक्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठों की बैठक को लेकर उनके प्रभारियों एवं प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्रियों को आवश्यक निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह हरिद्वार से भाजपा की चुनावी तैयारियों को धार देंगे। 21 व 22 नवंबर को होने वाली विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। सोमवार को इसकी तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। पार्टी मुख्यालय में हरिद्वार में होने वाली विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति में प्रथम दिन होने वाली संयुक्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठों की बैठक को लेकर उनके प्रभारियों एवं प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्रियों को आवश्यक निर्देश दिए। दूसरे दिन होने वाली विस्तृत कार्यसमिति के लिए सभी अपेक्षित पदाधिकारियों, विधायकों, दायित्वधारियों, निकाय एवं पंचायत अध्यक्षों आदि निर्वाचित लोगों तक सभी जरूरी जानकारियां पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक को प्रदेश सह प्रभारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन फणींद्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल ने भी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

ढोलीगाँव में लगाया श्रम विभाग का बहुउद्देशीय शिविर

मंत्री राम सिंह कैड़ा ने ग्रामीणों व पंजीकृत श्रमिकों को वितरित की सामग्री

धारी

हमारे संवाददाता



भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ओखलकांडा ब्लॉक के दुरस्त क्षेत्र ढोलीगाँव में 2 दर्जन गाँव के मध्य में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा की पहल पर श्रम विभाग द्वारा बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में क्षेत्र के लगभग 2 दर्जन गांवों के उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हजारो श्रमिकों को खाद्य सामग्री सहित विभिन्न उपयोगी सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि पहाड़पानी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ लेने और अपनी सामग्री प्राप्त करने के लिए हजारों रुपये खर्च कर हल्द्वानी जाना पड़ता था। कई बार इतनी परेशानी उठाने के बावजूद भी उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ता था। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए पहाड़पानी में श्रम विभाग का शिविर आयोजित कर श्रमिकों को उनके गांव के नजदीक ही सामग्री मुहैया कराई गई। मंत्री कैड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण एवं उनके सामाजिक,आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं श्रम विभाग के माध्यम से श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु आर्थिक सहायताए प्रसूति महिलाओं को आर्थिक सहायता तथा श्रमिक की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की शोक सभा आयोजित

डा. जंतवाल और चंदोला के निधन पर जताया दुःख

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शोक सभा कर नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल व अधिवक्ता दिनेश चंदोला के निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की ।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में पूर्व विधायक व हाईकोर्ट बार के सदस्य स्व. डा. नारायण सिंह जंतवाल तथा स्व.0 दिनेश चंदोला (अधिवक्ता) के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई । अध्यक्ष रावत ने स्व. डा.नारायण सिंह जंतवाल को एक सरल स्वभाव और सामाजिक उत्थान के कार्यों में हमेशा समर्पित रहने वाला व्यक्तित्व बताया,कहा कि जिनके निधन से नैनीताल क्षेत्र सहित पूरे उत्तराखंड को भारी क्षति पहुँची है । शोक सभा का संचालन महासचिव सौरभ अधिकारी द्वारा किया गया शोक सभा में डॉ. महेन्द्र सिंह पाल, भुवनेश जोशी, दीप चन्द्र जोशी, नवनीश नेगी, राजेश शर्मा, विश्व प्रकाश बहुगुणा, देवेन्द्र सिंह दर्शोनी, प्रेम सिंह सौन, मुकेश सिंह रावत, हर्षित सनवाल, बी.पी.एस. मेर, राजीव भट्ट, अक्षय लटवाल, त्रिलोचन पाण्डे, डी.एस. मेहता, पूर्वी चौधरी, कौशल पाण्डे, मीना बिष्ट, निरंजन कुमार भट्ट, अमनजोत सिंह चड्ढा, राजीव पाठक, अजय जोशी, शैलष पाण्डे, पारीतोष डालाकोटी, दीप प्रकाश भट्ट, कमल पाण्डे, रवि शंकर काण्डपाल, विक्रम सिंह राना, एस.एस. मेहता व भूपेंद्र कोरंगा आदि उपस्थित रहे ।

छात्रों को सीखाएं हिमानी एडवेंचर ने रिवर राफटिंग के गुर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर द्वारा संचालित 6 दिनी रिवर राफटिंग प्रशिक्षण सोमवार को पांचवे दिन भी गोरी व काली नदी में जारी रहा।

हिमानी एडवेंचर के अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने कहा कि प्रशिक्षण के पांचवे दिन व पौधारोपण अभियान के 854वें दिन काली व गोरी नदी के किनारे भगवान जालेश्वर महादेव मंदिर व समैजी मंदिर परिसर में जेलर योगिता गुरुरानी पांडे के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण के साथ रिवर राफटिंग प्रशिक्षण के तहत छात्रों को पेडलिंग व तैराकी के साथ नदी रेस्कयू के तहत फि लिप, रिफि लिप व आपदा प्रबंधन की जानकारी दी वही छात्रों को गर्जिया से गोरी नदी व काली नदी में का रिवर रन कराया।

राफ्टिंग से पूर्व छात्रों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। छात्रों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत नदी स्वच्छता शपथ दिलाई गई। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि यह प्रशिक्षण जारी रहेगा। प्रशिक्षण रिवर गाइड मनोहर सिंह ऐरी, विनीत धामी, पद्म सिंह, राजेंद्र सिंह ,अजय धामी, नवीन राना व दमन ने दिया।



सामान्य के करीब पहुंची नैनीताल की वायु गुणवत्ता, हवा की दिशा पर निर्भर करेगा मैदानी भागों का प्रदूषण

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल की हवा दो दिन बाद सामान्य के करीब पहुंच गई है। सोमवार को नगर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 70 के करीब रहा। दिल्ली एनसीआर समेत मैदानी भागों में फैला प्रदूषण हवा की दिशा पर निर्भर करेगा।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय विज्ञानी डा नरेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिन पहले नगर की हवा खराब हो चली थी जिसकी वजह मैदानी भागों से लगी घटियों में चली तेज हवा थीए जो अपने साथ प्रदूषण पर्वतीय क्षेत्रों में ले आई थी। जिस कारण यहां की हवा सामान्य से तीन गुना खराब हो चली थी। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ सक्रीय होने से हवा की दिशा प्रभावित हुई बल्कि अधिक ऊंचाई पर बहने लगी। जिस कारण नगर की खराब हवा साफ हो गई और आज नगर का गुणवत्ता सूचकांक सामान्य के करीब बना रहा। पीएम 2.5 की मात्रा 25 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रही जबकि पीएम 10 का स्तर 50 के करीब ही रहा। जिस कारण नगर का आसमान साफ सुथरा बना रहा। मौसम पूरे दिन सामान्य बना रहा। गुनगुनी धूप पूरे दिन खिली रही। हल्की तेज हवाएं रुक रुक चलती रही। जिस कारण तापमान सामान्य बना रहा। शाम को पाला गिरने से ठंड में बढ़ोतरी हो गई है। ठंड से राहत पाने के लिए हीटर व आग का सहारा लेना पड़ रहा है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 22 व न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

नलनी गांव में तेंदुए ने बकरियों को बनाया निवाला

नैनीताल । जिले के भीमताल विकासखंड के तहत ग्राम पंचायत नलनी के कलगांव में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इस बीच तेंदुए ने दो ग्रामीणों की बकरियों को अपना निवाला बना लिया।

घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक ग्राम नलनी निवासी महेंद्र सिंह अधिकारी और कृपाल सिंह अधिकारी की एक-एक बकरी घर के समीप खेतों में चुग रही थी। इसी दौरान तेंदुए ने दोनों बकरियों पर हमला कर उन्हें मार डाला घटना के बाद ग्राम प्रधान गोविंद सिंह अधिकारी ने वन विभाग से प्रभावित पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। मामले में वन क्षेत्राधिकारी कालाढूंगी जीवन उप्रेती ने बताया कि सूचना के बाद टीम भेजी गई है, मौका भी की जा रही है। रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में सोलर लाइट लगाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

NEWS / फटाफट

हाईकोर्ट के अधिवक्ता विश्वकेतु वैद्य को पितृ शोक



नैनीताल । हाईकोर्ट के युवा अधिवक्ता तथा भाजपा नेता विश्वकेतु वैद्य के पिता सचिन वैद्य का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन पर विधायक सरिता आर्या, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार के साथ ही नगर के भाजपाईयों ने गहरा दुःख जताया है।

आदेश का पालन न करने का मामला, सुनवाई 9 दिसंबर को

नैनीताल । हाईकोर्ट ने वर्ष 2015 के एक आदेश का पालन न होने से जुड़ी अवमानना याचिका मैसर्स एन.यू. टेक वार्निश उद्योग बनाम आर.के. सुधांशु व अन्य पर न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में सुनवाई की, किंतु सोमवार को स्वास्थ्य खराब होने के कारण प्रमुख सचिव वन कोर्ट में पेश नहीं हो सके। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि संबंधित फ र्मों को 12 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान कर दिया गया है जबकि फ र्मों का कहना है कि तय समय सीमा के भीतर पूरा भुगतान (लगभग 13 करोड़ रुपये से अधिक) नहीं किया गया है और न ही सरकार ने अभी तक कोर्ट के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट पेश की है। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 दिसंबर (बुधवार) की तिथि नियत की है।

हाईकोर्ट ने संबंधित महकमों से मांगें जरुरी निर्देश

नैनीताल । उत्तराखंड में सिडकुल की 400 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सरकारी औद्योगिक भूमि के आवंटन और हस्तांतरण में कथित अनियमितताओं को लेकर देहरादून निवासी अधिवक्ता एवं उत्तराखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभिनव थापर द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने संबंधित विभाग से आवश्यक निर्देश मांगे हैं। बता दें तीन अलग-अलग मामलों से जुड़ी इस याचिका में ग्रीन बेल्ट की जमीन के व्यावसायिक उपयोग, अस्पताल के लिए प्रस्तावित भूमि पर आवासीय परियोजना लाने और नियमों के उल्लंघन से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने सिडकुल से जवाब और आवश्यक निर्देश तलब किए हैं। प्रकरण की अगली सुनवाई 18 नवंबर (शुक्रवार) को निर्धारित की गई है।

किसान ही है देश का अन्नदाता:डा.भुवन चंद्र आर्य



नैनीताल । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने सोमवार को नैनीताल विधानसभा के तहत बेतालघाट विकास खंड के ग्राम सभा सिमलखा में किसान फ र्मा में आयोजित बैठक में सरकार की ओर से किसानों के लिए चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान ही देश का अन्नदाता है,इसलिए सरकार की ओर से किसानों को अधिक से अधिक उपज उगाने के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वह सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ उठाएं। इस दौरान जीवन भंडारी, पूरन सिंह,धीरज भंडारी, बसंती बोरा, कमला बोरा,मोहन, भुवन जीना, कुंदन जीना, त्रिलोक आर्य, ईश्वर सिंह, गंगा देवी, देवेन्द्र जलाल, कमला देवी, प्रेमा बोरा, ,नंदी देवी, हीरा देवी, कमल सिंह, मदन सिंह, लक्ष्मण सिंह, विरेन्द्र सिंह व पूरन सिंह, गोपाल राम व कमल सिंह मौजूद रहे।

लोचसानी-बाना व खुर्पाताल में बीएसएनएल टावर लगाने की मांग

नैनीताल । भीमताल विकासखंड के लोचसानी-बाना और खुर्पाताल क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री और नैनीताल ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने गंभीरता दिखाई है। उन्होंने क्षेत्र में बीएसएनएल का मोबाइल टावर स्थापित करने की मांग को लेकर भारतीय दूरसंचार सेवा के प्रधान महाप्रबंधक कुमाऊं नैनीताल मुख्यालय हल्द्वानी को पत्र भेजा है। सांसद ने बीएसएनएल के अधिकारियों से जनहित को देखते हुए संबंधित गांवों में मोबाइल टावर स्थापित करने की मांग की है, साथ ही इस संबंध में की गई कार्रवाई से उन्हें अवगत कराने को कहा है। क्षेत्रवासियों को उममीद है कि सांसद की पहल के बाद लंबे समय से बनी नेटवर्क समस्या का समाधान हो सकेगा और ग्रामीणों को बेहतर दूरसंचार सुविधा मिल पाएगी।

तीन-चार महीने बाद मिल रहे बिजली के बिल

नैनीताल । ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बिल समय पर नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों में उपभोक्ताओं को तीन से चार महीने बाद बिजली के बिल दिए जा रहे हैं। इससे एक साथ बड़ी धनराशि जमा करने में ग्रामीणों को दिक्कतें हो रही हैं। देवीधूरा निवासी चंद्रा देवी व कमला देवी ने बताया कि उन्हें तीन से चार महीने तक बिजली का बिल नहीं मिलता है। कई बार शिकायत करने के बाद ही बिल मुहैया कराया जाता है। उनका कहना है कि ऊर्जा निगम का कर्मचारी गांव में बिल बांटने आता है लेकिन कई घरों में बिल दिए बिना ही लौट जाता है जबकि वह संबंधित घरों के समीप से गुजरता है। समय पर बिल नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान करना पड़ता है। ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम से प्रत्येक माह नियमित रूप से बिजली के बिल मुहैया कराने की मांग की है। मामले में एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित कर्मचारी से पूछताछ की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों को प्रतिमाह बिजली के बिल मुहैया कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

डीएसए मैदान में प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला

नैनीताल। हाईकोर्ट इलेवन व तल्लीताल व्यापार मंडल ए की टीमों के बीच खेला गया जिसमें तल्लीताल व्यापार मंडल ने 1-0 से जीत दर्ज कर फ इनल में प्रवेश किया वहीं दूसरा सेमीफ इनल मुकाबला कंबाइंड एजुकेशन व ऑल सेट्स रेंजर्स के बीच खेला गया, इसमें कंबाइंड एजुकेशन की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह बनाई टूर्नामेंट का फ इनल मुकाबला मंगलवार (आज) को शाम3.30 बजे से डीएसए मैदान में खेला जाएगा। डीएसए महासचिव मनोज जोशी ने डीएसए परिवार की ओर से सभी खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया है।

अभिमत

देवता का धन

धन के दुरुपयोग की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मंदिरों की प्रबंध समितियों में राजनीतिक दलों के नेताओं को पदाधिकारी बना दिया जाता है। धर्म के नाम पर दान का उद्देश्य मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। उत्तराखंड के चारधाम में ही हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सोना-चांदी, नकद के रूप में करोड़ों का धन मंदिरों के पास है। धर्म स्थलों के निकट स्थित पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल आदि की सुविधा पर मंदिर की प्रबंध समिति द्वारा दान के धन के सदुपयोग से देवता प्रसन्न होंगे।

मंदिरों में दान से प्राप्त धन और चढ़ावे को लेकर प्रश्न उठते रहे हैं। हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में धन के सदुपयोग का निर्देश दिया था। मंदिर के धन का उपयोग शैक्षणिक प्रचार-प्रसार, कर्मकांड, सामाजिक सुधार और तीर्थयात्रियों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। दान और चढ़ावे का उपयोग सार्वजनिक भवनों, पुलों, सड़कों आदि के निर्माण में नहीं होना चाहिए। मंदिर में आने वाले वीआईपी के सम्मान में भी धन खर्च नहीं किया जाना चाहिए। धन देवता का है, सरकार का नहीं। ट्रस्टी केवल संरक्षक हैं और मंदिर के धन का दुरुपयोग आपराधिक विश्वासघात है। भक्त मंदिर को इस विश्वास के साथ दान देते हैं कि इससे मंदिर का रखरखाव होगा तथा सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। यदि सरकार इस चढ़ावे को अपने अधिकार में लेती है तो भक्तों के विश्वास पर आघात करती है। दान के धन का दुरुपयोग धार्मिक स्वतंत्रता और संस्थागत पवित्रता के मूल पर प्रहार है। उच्च न्यायालय के आदेश का हर मंदिर में पालन होने से विवाद उत्पन्न नहीं होगा। अधिकतर मंदिरों में प्रबंधन दान का उपयोग स्वयं करते हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है जब सरकार दबाव डालती है कि मंदिर का चढ़ावा उसे दिया जाये। सरकार को अपने बजट से मंदिरों की सड़कों आदि की सुविधा का विस्तार करना चाहिए। देश के नागरिकों से टैक्स के रूप में प्राप्त धन सार्वजनिक ढांचे पर खर्च किया जाना चाहिए। यह मामला हाईकोर्ट तक इसलिए पहुंचा क्योंकि बहुत से बड़े मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं। धन के दुरुपयोग की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मंदिरों की प्रबंध समितियों में राजनीतिक दलों के नेताओं को पदाधिकारी बना दिया जाता है। धर्म के नाम पर दान का उद्देश्य मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। उत्तराखंड के चारधाम में ही हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सोना-चांदी, नकद के रूप में करोड़ों का धन मंदिरों के पास है। धर्म स्थलों के निकट स्थित पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल आदि की सुविधा पर मंदिर की प्रबंध समिति को दान के धन के सदुपयोग से देवता प्रसन्न होंगे। पर्वतीय क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा और सड़क नहीं होने से पलायन हो रहा है। पहाड़ के सैकड़ों गांव वीरान हो गये हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है, यहां जगह-जगह मंदिर हैं। चारधाम के अलावा अनेक धर्म स्थलों में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के दान से पूरी देवभूमि को विकसित किया जा सकता है। धन की कमी नहीं है, बल्कि सदुपयोग की जरूरत है।

सीएम ने उद्यमियों व निर्यातकों को किया सम्मानित

देहरादून

हमारे संवाददाता

इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद 56वें उत्तरी क्षेत्रीय निर्यात उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों एवं निर्यातकों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को आध्यात्मिक के साथ आर्थिक शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना सरकार का लक्ष्य है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य का निर्यात 10 हजार करोड़ से बढ़कर 13 हजार करोड़ पहुंच गया है। ऊधमसिंह नगर जिले के खुरपिया में 1100 करोड़ रुपये की लागत से एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर बनेगा, जिससे 25 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

सोमवार को मसूरी रोड स्थित एक होटल में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद 56वें उत्तरी क्षेत्रीय निर्यात उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों एवं निर्यातकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों और निर्यातकों ने अपने परिश्रम, नवाचार और उत्कृष्ट उत्पादों के माध्यम से मेड इन इंडिया को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और प्रतिष्ठा दिलाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के साथ उद्योग, विनिर्माण, निवेश और निर्यात की दृष्टि से भी अपार संभावनाओं वाला राज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद एक समय ऐसा भी था, जब पर्वतीय राज्य होने के कारण यहां उद्योगों और बड़े निवेश की संभावनाओं पर सवाल उठाए जाते थे, लेकिन राज्य सरकार ने इन चुनौतियों को अवसर में बदलने का संकल्प लिया है।

सीएम ने उद्योग जगत से फरवरी 2027 में आयोजित होने वाले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो और अगस्त 2027 में होने वाले फार्मा मैक-टेक एक्सपो में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विशेष रूप से राज्य के ऑटोमोबाइल, ऑटो-कंपोनेंट्स और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से इन आयोजनों में प्रतिभाग करने का आग्रह किया। राज्य सरकार एक नियामक के रूप में नहीं, बल्कि एक सहयोगी व सारथी के रूप में हर कदम पर उद्यमियों के साथ खड़ी रहेगी। इस मौके पर इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज चड्ढा, उद्योग सचिव विनय शंकर पांडेय, इंडस्ट्री एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष पंकज गुप्ता सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

एक्सपो में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान



ग्राम त्वेशाल में ग्रामीणों को दी गयी विधिक जानकारियां

नैनीताल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विधिक सेवा योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सीडिए)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल धपलियाल के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम त्वेशाल में मेगा ड्राईव प्रथम भाग दो चरण का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान ग्राम त्वेशाल में ग्राम प्रधान त्वेशाल मोहित सिंह तिवारी तथा वार्ड मेंबर व आम ग्रामवासियो के साथ नालसा की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और निशुल्क विधिक सहायता के संबन्ध मे बैठक करी गई। ग्राम प्रधान द्वारा आग्रामी दिनों मे डोर टू डोर शिविरों के माध्यमों से विधिक सहायता के लिए ग्राम निवासियों से अपील की गई कि वे अपने विधिक अधिकारों के प्रति जानकारी प्राप्त करने लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का पूर्ण सहयोग प्रदान करे ताकि किसी भी प्रकार की विधिक सहायता के लिए वह अपना आवेदन प्रस्तुत सहायता का लाभ ले सके। बैठक में आंबिका,यशवंत कुमार ,ज्योति, कैलाश आर्या, त्वेशाल वार्ड मेंबर व आँगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

त्याग, संघर्ष व बलिदान की बदौलत बना उत्तराखंड राज्य:हेम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के तहत बेतालघाट के आमबाड़ी में सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद्र आर्य ने उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन से जुड़े सभी महान आंदोलनकारियों एवं क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि राज्य का निर्माण हमारे महान पूर्वजों के त्याग, संघर्ष, बलिदान और अथक परिश्रम का परिणाम है, उनके संघर्षों से उत्तराखंड राज्य मिला है।

अब हम सभी का दायित्व है कि उनके सपनों के अनुरूप उत्तराखंड का निर्माण करें और प्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ एवं अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करें। आर्य ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आगामी



विधानसभा चुनाव 2027 का उल्लेख करते हुए आर्य ने कहा कि प्रदेश की जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी लगातार दो बार प्रदेश में सरकार बना चुकी है, उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वर्ष 2027 में भी जनता के समर्थन से भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ पुन: सरकार बनाएगी।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र पांडे, पूर्व ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य लता, शक्ति केंद्र संयोजक आनन्द सिंह गड़िया, बीएलओ प्रदीप सिंह बोहरा, बूथ अध्यक्ष विशन सिंह, महिला मोर्चा महामंत्री रीता तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंपा जलाल समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


आल्मा कॉटेज मार्ग का जल्द होगा निर्माण

नैनीताल। बीते वर्ष आपदा के दौरान नैनीताल के स्नोव्यू वार्ड के आल्मा कॉटेज में स्नोव्यू को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों के साथ ही स्कूली बच्चों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान को लेकर स्थानीय सभासद जितेंद्र कुमार पांडेय जीनू ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात कर मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग उठाई थी। इस पर जिलाधिकारी ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों से बातें कर समस्या के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सोमवार को सभासद जितेंद्र कुमार पांडेय, मुकेश जोशी व पूर्व सभासद दीपक कुमार भोलू और खुशाल रावत ने देहरादून जाकर यूएसडीएमए कार्यालय में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद्र और यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को मार्ग की स्थिति से अवगत कराते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की।

फिल्मी दुनिया

द वन के सीक्वल की हुई घोषणा, सामने आई पहली झलक





फिल्म द वन की सफलता के बाद एकता कपूर ने छठ के शुभ अवसर पर इसके सीक्वल द वन 2 का एलान किया है। यह अपकमिंग फिल्म पहली फिल्म में पेश की गई लोककथाओं और फैंटेसी की दुनिया को आगे बढ़ाएगी। यह फिल्म दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में वापस ले जाएगी जो पौराणिक कथाओं से बुनी गई है।

बालाजी मोशन पिक्चर्स और टीवीएफ के सहयोग से पेश की जा रही द वन 2 के साथ, एकता कपूर और टीवीएफ एक बार फिर साथ आए हैं। वे अपनी साझेदारी को जारी रखते हुए पहली फिल्म की कहानी को और आगे बढ़ाएंगे। वन के रहस्यमयी जंगल पर आधारित पहली फिल्म ने दर्शकों को एक अनोखी दुनिया से परिचित कराया था। इसमें एक देवी, प्राचीन लोककथाएं और रहस्यमयी शक्तियां दिखाई गई थीं। इस सीक्वल के जरिए मेकर्स इसी नींव को और मजबूत करते हुए द वर्ल्ड ऑफ वन नाम से एक यूनिवर्स तैयार करना चाहते हैं। सीक्वल की घोषणा करते हुए मेकर्स ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें सीक्वल की रहस्यमयी दुनिया की एक झलक मिलती है। इसमें एक छोटी बच्ची एक तितली का पीछा कर रही है, जबकि कुछ रहस्यमयी शक्तियां उसका पीछा कर रही हैं। दृश्य तब और दिलचस्प हो जाता है, जब बच्ची की लाल आंखें पहली फिल्म के क्लाइमेक्स की याद दिलाती हैं।

कब रिलीज हुई

- *द वन 2 के साथ, बालाजी मोशन पिक्चर्स और टीवीएफ इस फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।*
- *वे भारतीय लोककथाओं और पौराणिक कथाओं की दुनिया का विस्तार कर रहे हैं, ताकि दर्शक इसका और अधिक आनंद ले सकें।*
- *द वन 25 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।*
- *द वन में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अहम किरदारों में थे।*

रोडवेज के नए मंडलीय महाप्रबंधक का कर्मचारी यूनियन ने किया स्वागत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड परिवहन निगम में नए मंडलीय महाप्रबंधक संचालन आलोक बनवाल के कार्यभार संभालते ही कर्मचारी हितों और निगम के उत्थान का मुद्दा गरमा गया है।

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यालय पहुंचकर स्वागत किया और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की मांग उठाई। यूनियन पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक संचालन से कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी निर्णय लेने और परिवहन निगम की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए अधिकारी के नेतृत्व में कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान होगा और निगम की कार्यप्रणाली को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपने, उपाध्यक्ष दयाल जोशी, संयुक्त मंत्री ललित प्रसाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, किशोरी लाल, सचिन कुमार, मुकेश बुधानी, मनोज भट्ट, रेहान अली, पुष्कर मेहरा, शशिकांत गौतम, शाहवेज हसन, नरेंद्र शर्मा और लखविंदर सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

सुबह-सुबह ओटीपी आया, अगले दिन खाते से उड़ गए करीब दो लाख रुपये

हल्द्वानी। साइबर ठगों ने बैंक खातों को निशाना बनाने का सिलसिला तेज कर दिया है। छोटी मुखानी निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से दो बार में लाखों रुपये पार कर दिए गए। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित के मोबाइल पर सुबह ओटीपी आया और अगले ही दिन खाते से करीब दो लाख रुपये निकल गए। खाते में सेंध लगने का पता चलते ही पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। मुखानी थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चंद्रावती कॉलोनी, छोटी मुखानी निवासी आशुतोष फर्स्वाण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 नवंबर की सुबह उनके मोबाइल पर ओटीपी आया था। इसके बाद उनके बैंक के बचत खाते से दो बार में 1,98,849 रुपये की चपत लगा दी गई। पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस अब कड़ियां जोड़कर ठगी के पीछे शामिल लोगों का पता लगाने में जुटी है।

अंतर महाविद्यालयी बैडमिंटन में डीएसबी परिसर बना ओवरऑल चैंपियन

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालयी बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बता दें प्रतियोगिता का फ इनल मुकाबला राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के साथ हुआ जिसमें काशीपुर की टीम उपविजेता रही ।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल डॉ. निर्मला पंत ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ि यों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सममानित किया।

कूड़े के पहाड़ पर नगर आयुक्त की नजर, ट्रंचिंग ग्राउंड को साफ कराने का अल्टीमेटम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम अब हरकत में नजर आ रहा है। ट्रंचिंग ग्राउंड में जमा कूड़े का पहाड़ और रोजाना निकलने वाले कचरे के निस्तारण की चुनौती के बीच नवनियुक्त नगर आयुक्त आशिमा गोयल ने मोर्चा संभालते हुए शहर की दोनों गौशालाओं, ट्रंचिंग ग्राउंड और एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि कूड़ा निस्तारण में अब ढिलाई नहीं चलेगी और सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं।नगर आयुक्त सबसे पहले गंगापुर कबड़वाल स्थित निर्माणाधीन गौशाला पहुंचीं। यहां गोवंश के लिए चारा, पानी, साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्थाएं परखीं। निर्माण कार्य की गति का जायजा लेते हुए उन्होंने इसे जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर आयुक्त ट्रंचिंग ग्राउंड पहुंचीं और कचरा निस्तारण की हकीकत देखी। उन्होंने कार्यदायी कंपनी के कर्मचारियों को लीगेसी वेस्ट यानी वर्षों से जमा पुराने कूड़े का निस्तारण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रतिदिन निकलने वाले फ्रेश वेस्ट के निस्तारण में भी तेजी लाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कचरा प्रबंधन से जुड़े कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने एमआरएफ सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां वह कचरे के पृथक्करण, रीसाइक्लिंग और निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया। कार्यभार संभालने के बाद नगर आयुक्त आशिमा गोयल शहर की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने की प्राथमिकता जता चुकी हैं। उनका कहना है कि ट्रंचिंग ग्राउंड में वर्षों से जमा कूड़े के साथ रोजाना निकलने वाले नए कचरे का भी वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन जरूरी है। इसके अलावा सड़क और सीवर की समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता में रहेगा। अब देखना यह है कि निरीक्षण और निर्देशों के बाद शहर को कूड़े के पहाड़ से कब तक निजात मिलती है।

फल मंडी की दुकान में आग लगने से हड़कंप, फायर कर्मियों ने बुझाई आग

काशीपुर

हमारे संवाददाता



काशीपुर के मुरादाबाद रोड स्थित फल मंडी में साजिद खान नामक दुकानदार की दुकान आग की चपेट में आ गई। सोमवार रात करीब 12:24 बजे सूचना मिलने पर फायर स्टेशन से एक यूनिट मौके पर घटनास्थल के लिए रवाना हुई। फायर यूनिट ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

काशीपुर शहर के मुरादाबाद रोड स्थित फल मंडी की एक दुकान में सोमवार देर रात आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर यूनिट ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया सोमवार देर रात 12:24 बजे सूचना मिली कि फल मंडी की एक दुकान में आग लगी है।

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से एक फायर यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर देखा कि दुकानदार साजिद खान की दुकान में आग लगी थी। फायर कर्मियों ने मोटर फायर इंजन से एक होजरील फैलाकर पंपिंग कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया। आग से किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। फायर यूनिट में चालक संदीप शर्मा, फायरमैन राजेश जिनगौड़ी और फायरमैन आकाश गैरोला शामिल रहे।

हड़कंप

- आग से किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है
- फायर यूनिट घटनास्थल के लिए तुरंत हुई रवाना

बंद घर को बनाया निशाना, ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी उड़ाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि बंद मकान भी अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं। बनभूलपुरा के गांधी नगर में चोरों ने दिनदहाड़े एक बंद घर का ताला तोड़कर कीमती जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। परिवार कुछ घंटों के लिए घर से बाहर क्या गया, चोरों ने पूरे मकान को खंगाल डाला। घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गांधी नगर के वार्ड नंबर 27 निवासी रवि पुत्र रामचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 नवंबर को सुबह करीब आठ बजे वह परिवार के साथ अपने गांव में चाचा के यहां गया था। दोपहर करीब तीन बजे जब परिवार वापस लौटा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे कीमती जेवरात व नकदी गायब थी। पीड़ित के मुताबिक चोर सोने का एक मंगलसूत्र, कान के दो जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी कंगन, एक अंगूठी, चांदी की दो जोड़ी पायल और 15 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत का आकलन किया जा रहा है।

मामले में रवि ने पड़ोस में रहने वाले सत्यकाम उर्फ गबरू पुत्र स्वर्गीय हरीश और उसके कुछ अज्ञात साथियों पर चोरी में शामिल होने का शक जताया है। हालांकि आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। पीड़ित ने बनभूलपुरा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर निष्पक्ष जांच, चोरी का खुलासा और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चोरी गए जेवरात और नकदी बरामद कराने की गुहार लगाई है।

सवाल यह है कि शहर में बंद मकानों की निगरानी और पुलिस गश्त का दावा आखिर कितना कारगर है? दिनदहाड़े घरों के ताले टूट रहे हैं और परिवारों की मेहनत की कमाई चोरों के हाथ लग रही है। ऐसे में पुलिस के सामने इस वारदात का खुलासा करना बड़ी चुनौती है।

रामपुर रोड पर नशेड़ी का तांडव, हेलमेट से युवती को पीटकर किया लहूलुहान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क पर सरेआम एक युवती पर हेलमेट से ताबड़तोड़ वार, खून से लथपथ पीड़िता और तमाशा देखने जुटी भीड़... रामपुर रोड पर देर रात नशे में धुत एक युवक की दबंगई ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दे डाली। युवती को बचाने पहुंचे लोगों को भी आरोपी ने नहीं बख्शा और उनके साथ गालीगलौज कर अभद्रता करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मेडिकल कराया, जिसमें उसके नशे में होने की पुष्टि हुई।

जानकारी के मुताबिक आरोपी देर रात चकलुवा से बाइक पर एक युवती को साथ लेकर हल्द्वानी पहुंचा था। रामपुर रोड पर अचानक उसने बाइक रोकी और किसी बात को लेकर युवती से विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया और युवक ने हेलमेट से युवती पर हमला शुरू कर दिया। लगातार वार से युवती लहूलुहान हो गई। सड़क पर यह नजारा देखकर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए बीच-बचाव कर युवती को बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी उन पर ही भड़क उठा और गालीगलौज करने लगा। इसी बीच आरोपी के चार-पांच अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गए। काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों ने किसी तरह युवती को आरोपी के चंगुल से निकालकर सुरक्षित रवाना किया। इसके बाद सूचना पर टीपी नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर चौकी ले गई।

कभी पूर्व प्रेमिका तो कभी देह व्यापार का आरोप

पुलिस पूछताछ में आरोपी के बयान भी बदलते रहे। कभी वह युवती को अपनी पूर्व प्रेमिका बताता रहा तो कभी उस पर देह व्यापार में शामिल होने का आरोप लगाने लगा। जांच में सामने आया कि आरोपी शादीशुदा है और ऊर्जा निगम में सविंदा कर्मी के रूप में कार्यरत बताया जा रहा है।

पुलिस की कार्रवाई सिर्फ पुलिस एक्ट तक सीमित

रामपुर रोड पर बीच सड़क युवती को हेलमेट से पीटकर लहूलुहान करने वाले आरोपी के मामले में पुलिस की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। जब आरोपी के नशे में होने की पुष्टि मेडिकल में हो गई और मौके पर मौजूद लोगों ने मारपीट की घटना देखी, तो फिर पुलिस ने मामले की गंभीरता में जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की? क्या युवती की लिखित शिकायत न मिलना ही आरोपी को राहत देने का आधार बन गया? पुलिस अपने स्तर से घटना की जांच और पीड़िता के बयान दर्ज करने की पहल क्यों नहीं कर सकी? जबकि एसपी सिटी हरवंस सिंह का कहना है कि तहरीर आने पर कार्रवाई होगी

अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए बस सेवा ठप

अल्मोड़ा। रानीखेत से जिला मुख्यालय अल्मोड़ा समेत बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए रोडवेज बसों का नियमित संचालन नहीं होने से वरिष्ठ नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकार की ओर से बुजुर्गों को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है लेकिन बसें उपलब्ध नहीं होने से उन्हें निजी वाहनों से सफर करना पड़ रहा है। ऐसे में योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

लोन के नाम पर 15 लाख की चपत, फर्जी दस्तावेजों से लिया कर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गोल्ड लोन ट्रांसफर कराने का भरोसा दिलाकर 15 लाख रुपये का चूना लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि बैंक ऑफ बड़ौदा में पहले से चल रहे गोल्ड लोन के दस्तावेज दिखाकर एसबीएफसी फाइनेंस कंपनी से 15 लाख रुपये का कर्ज स्वीकृत कराया गया, लेकिन न तो सोना कंपनी में जमा कराया और न ही रकम वापस की। कंपनी का दावा है कि बैंक से दस्तावेजों का सत्यापन कराने पर वे फर्जी निकले। इतना ही नहीं, खाते में रकम पहुंचते ही लाखों रुपये अलग-अलग खातों में भेज दिए गए और इसके बाद आरोपी का मोबाइल फोन बंद हो गया। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर कंपनी को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है।

एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड की दुर्गा सिटी सेंटर शाखा के अधिकृत प्रतिनिधि पंकज चन्द ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 दिसंबर 2024 को आकाश दयाल पुत्र हरीश चन्द, निवासी आवास विकास कॉलोनी, हरिपुर कनाल, शाखा पहुंचा था। उसने बताया कि उसका गोल्ड लोन बैंक ऑफ बड़ौदा में चल रहा है और वह इसे एसबीएफसी फाइनेंस में स्थानांतरित कराना चाहता है। आरोप है कि आकाश ने बैंक ऑफ बड़ौदा से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए। कंपनी की ओर से उसके घर जाकर सत्यापन भी किया गया। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उसके नाम पर 15 लाख रुपये का लोन स्वीकृत कर दिया गया।

64.80 लाख की स्मैक के साथ बुलंदशहर का तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर में नशे का कारोबार किस कदर पैर पसार रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस ने एक बार फिर लाखों रुपये की स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोचा है। पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर लाखों रुपए की स्मैक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है, जबकि पुलिस को देखकर मौके से स्कूटी सवार एक अन्य व्यक्ति फरार हो गया। अब सवाल यह है कि इतनी बड़ी खेप हल्द्वानी में किसके लिए लाई गई थी और फरार स्कूटी सवार इस नशे के नेटवर्क की कौन-सी कड़ी है?

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली है। एस एस पी ने बताया कि पुलिस टीम हौड़ा तिराहे से फायर स्टेशन की ओर गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टोपीनगर चौकी प्रभारी एसआई मनोज कुमार और एसओजी कर्मियों से मुलाकात हुई। क्षेत्र में नशेड़ियों की गतिविधियों और नशे की आड़ में लूटपाट की शिकायतें मिलने पर टीम ने संयुक्त रूप से चेकिंग शुरू की। टीम हौड़ा बाईपास रोड से वापस लौट रही थी। इसी दौरान पौडब्ल्यूडी गेट के पास पानी की टंकी से सड़क किनारे एक स्कूटी सवार व्यक्ति दूसरे युवक से बातचीत करता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन रोककर दोनों से पूछताछ करनी चाही तो स्कूटी सवार मौके से स्कूटी लेकर फरार हो गया। वहीं सड़क किनारे खड़ा युवक बैग लेकर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान सतीश कुमार पुत्र ईश्वरी प्रसाद, निवासी गालिबपुर, डिबाई, जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 216 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

पुलिस अब इस बात की पड़ताल में जुटी है कि आरोपी स्मैक की खेप कहां से लेकर आया था और हल्द्वानी में इसकी सप्लाई किसे दी जानी थी। फरार स्कूटी सवार की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उसके पकड़े जाने पर नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरों के सामने आने की उम्मीद है। मंजूनाथ टी सी ने बताया कि पकड़ी गई इसमें की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 64,80,000 रुपये लाखों की स्मैक लेकर हल्द्वानी पहुंचे तस्कर के पीछे कौन-सा सप्लाई नेटवर्क काम कर रहा था? पुलिस की जांच अब इसी सवाल के जवाब पर टिकी है।